## सार-समाचार

### ग्रामीण सेवा शिविर आज से

**बीकानेर ।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के पहले दिन बीकानेर उपखण्ड के कालासर और लाखूसर, लूणकरणसर के नाथवाणा और राजपुरा हुडान, श्रीडूंगरगढ़ के पूनरासर एवं समन्दसर, कोलायत-हदां के गजनेर और चानी, बज्जू के बज्जू खालसा, पूगल के बराला, छत्तरगढ़ के 3 आरजेडी संसारदेसर, खाजूवाला के माधोडिग्गी, नोखा-जसरासर के नोखा गांव और स्वरूपसर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 15 जून को बीकानेर के डांडूसर और रामसर, लूणकरणसर के कांकड़वाला और भीखनेरा, श्रीडूंगरगढ़ के बाना और पुंदलसर, कोलायत-हदां के खारी चारनाण और गंगापुरा, बज्जू के राववाला, पूगल के करणीसर भाटियान, छत्तरगढ़ के 1 केएम और सामरदा तथा नोखा-जसरासर के सिंजगुरु और किसनासर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 12 जून से आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविरों के लिए जिला स्तरीय नोडल, तकनीकी नोडल, उपखण्ड वार शिविर प्रभारी अधिकारी और सहायक शिविर प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला कलक्टर विश्राम मीणा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) उम्मेद सिंह रतनू जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगें। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उप निदेशक गौरव भाटिया तकनीकी नोडल अधिकारी होंगे। वहीं पंचायत समिति क्षेत्र बीकानेर के लिए बीकानेर उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार, नोखा और पांचू के लिए सहायक कलेक्टर बीकानेर रवि कुमार और तहसीलदार नोखा व जसरासर को प्रभारी और सहायक शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी अथवा सहायक कलक्टर को शिविर प्रभारी अधिकारी तथा तहसीलदार को सहायक शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अखंड हरि कीर्तन शुरु

**कक्कू ।** यहां पारीकों के मोहल्ले स्थित ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में गुरुवार से पांच दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ होगा। यह आयोजन पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार रात मंदिर परिसर में कक्कू की कीर्तन मंडली की बैठक हुई। इसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निणर्य लिया गया कि पांच दिनों तक निरंतर अखंड हरि नाम संकीर्तन चलेगा। इसके लिए अलग-अलग कीर्तन टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें निर्धारित समयानुसार भजन एवं कीर्तन प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह व्यवस्था बिना किसी व्यवधान के कीर्तन जारी रखने के लिए की गई है। बैठक में मंदिर व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, प्रसाद वितरण, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई। कीर्तन मंडली के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। पुरुषोत्तम मास में भगवान श्रीहरि विष्णु की आराधना और भजन-कीर्तन का विशेष महत्व है। इसी उद्देश्य से आयोजित इस कीर्तन में कक्कू की महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी। मंदिर परिसर में दिन-रात हरिनाम संकीर्तन और भजनों की स्वर लहरियां गूंजेंगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार, सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में धार्मिक चेतना, आपसी प्रेम और सद्भावना का संदेश प्रसारित होता है।

### श्रीगंगानगर की 121 गोशालाओं को सहायता राशि स्वीकृत

**अनूपगढ ।** जिले की 121 पात्र गोशालाओं के लिए राज्य सरकार ने 53 करोड़ 79 लाख 31 हजार 500 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। यह अनुदान वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय चरण के अंतर्गत गोवंश के चारा, पानी और पशु आहार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले की इन 121 गोशालाओं में कुल 65,380 गोवंश संधारित हैं। इनमें 11,812 छोटे गोवंश और 53,568 बड़े गोवंश शामिल हैं। इसके अलावा विशेष श्रेणी में 261 नंदी शाला गोवंश, 463 कन्या गोवंश तथा 724 महा गायें भी पंजीकृत हैं, जिन्हें इस सहायता योजना का लाभ मिलेगा। राधेश्याम बतरा ने बताया- राज्य सरकार गोवंश संरक्षण और गोशालाओं के बेहतर संचालन के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि इस अनुदान का मुख्य उद्देश्य गोवंश को पर्याप्त चारा, पानी और पोषण उपलब्ध कराना है ताकि किसी भी गोशाला में कोई पशु भूखा न रहे।

### दो मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलंबित

**बीकानेर, ।** औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा की गई जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर जिले के दो मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र (लाइसेंस) निलंबित किए गए हैं। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर रायसर स्थित कामाख्या मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 22 जून से 1 जुलाई तक 10 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। वहीं सादुलगंज स्थित माँ फार्मा का अनुज्ञापत्र 22 जून से 11 जुलाई तक 20 दिनों के लिए निलंबित किया गया है।

# बीकानेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मारपीट, महिलाओं से धक्का-मुक्की



देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज के आगे प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेडा।

**बीकानेर ।** यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचे चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। जबरदस्ती हॉस्पिटल में घुसने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने पहले चेतावनी दी, फिर जमकर लाठियां भांजी। सिजेरियन डिलीवरी के बाद महिलाओं की किडनी खराब होने के मामले को लेकर गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे खींवसर पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचे थे। इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता-पदाधिकारी प्रदर्शन करने लगे थे। माहौल उस समय हिंसक हो उठा जब कार्यकर्ताओं ने मंत्री के विरोध में नारेबाजी करते हुए मेडिकल कॉलेज परिसर में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और धक्के देकर वहां से खदेड़ा।कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भंवर कूकना को कॉलर पकड़ कर पुलिस ने नीचे गिरा दिया। पुलिस ने यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भंवर कूकना को घेर लिया और जमकर पीटा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भंवर कूकना को पुलिस ने निशाना बनाया। पुलिसकर्मियों ने कूकना को घेर लिया, उनकी कॉलर पकड़ी और सड़क पर नीचे गिरा दिया। इसके बाद उन पर लाठियां बरसाई और हिरासत में ले लिया गया। जब महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट को पार करने की कोशिश की, तो वहां मौजूद महिला पुलिस बल ने उन्हें बलपूर्वक रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की में कई महिला कार्यकर्ता सड़क पर गिर गईं, जिन्हें बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। चिकित्सा मंत्री के दौरे को देखते हुए बुधवार दोपहर तक बीकानेर के इँ हॉस्पिटल में गंदगी को छिपाने का काम कुछ इस तरह चलता रहा। मंत्री के दौरे की भनक लगते ही बुधवार दोपहर से ही पूरे पीबीएम अस्पताल में कमियों और गंदगी को छिपाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया था। अस्पताल की जिन दीवारों से पेंट उखड़ चुका था और जहां गुटखे-पान की पीक के निशान थे, उन्हें आनन-फानन में नए पेंट से ढक दिया गया। पूरे अस्पताल परिसर और गैलरी में नया रंग-रोगन किया गया। जिस पोस्ट कोविड वार्ड में पीडित प्रसूताएं भर्ती हैं, उसके ठीक बाहर विशेष रूप से सफाई और डेंट-पेंट का काम पूरा किया गया ताकि मंत्री को सब ठीक नजर आए। पीबीएम अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने और कथित लापरवाही के कारण स्थानीय जनता और विपक्ष में भारी गुस्सा है। इसी सिलसिले में कांग्रेस ने गुरुवार को शहर में एक बड़ी रैली निकाली और हॉस्पिटल के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पीबीएम अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह वेंटिलेटर पर है। प्रसूताओं के साथ जो हुआ, उसने पूरे राजस्थान को झकझोर कर रख दिया है। हम इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, दोषी डॉक्टरों, अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अस्पताल की व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार की मांग करते हैं। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, मदन गोपाल मेघवाल, जिया उर रहमान, सुमित कोचर, यशपाल गहलोत, भंवर कूकना और श्रीकिशन गोदारा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दोपहर करीब 12 बजे चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर पीबीएम अस्पताल पहुंचे थे।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर आस्था का सैलाब उमड़ा

**बीकानेर ।** जयपुर रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में अधिक मास की पावन परमा एकादशी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। लगभग तीन वर्ष में एक बार आने वाली इस विशेष एकादशी के अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बाबा श्याम के जयकारों, मधुर भजनों और भक्तों की अपार आस्था से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

मंदिर में इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक विशेष श्रृंगार किया गया। पंडित किशन जोशी एवं चेतन शर्मा द्वारा आकर्षक पुष्प सज्जा और मनमोहक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगे फूलों, रोशनी और धार्मिक सजावट से सजा बाबा का दरबार भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

दिनभर मंदिर में भजन संध्या जैसा माहौल बना रहा। 'लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा' सहित अनेक प्रसिद्ध श्याम भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते और बाबा के जयकारे लगाते नजर आए। बीकानेर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा का निशान लेकर मंदिर पहुंचे और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना की।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार परमा एकादशी का व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में वर्णित है कि इस व्रत से अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है तथा व्यक्ति को अनजाने में हुए पापों से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से व्रत एवं पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। ठंडे पेयजल के कैंपर, छाया और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।शाम के समय मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा के परम भक्त राकेश अग्रवाल विशेष रूप से पान का भोग लेकर पहुंचे। वहीं अनेक श्रद्धालु अपने घरों से शीतल पेय पदार्थ, मिष्ठान एवं प्रसाद बनाकर बाबा को अर्पित करने के लिए लाए। मौसम के अनुरूप जामुन, आलूबुखारा, लीची, चेरी, आम सहित विभिन्न मौसमी फलों का भी भोग लगाया गया।

## डॉ. सतीश पूनिया को बधाई दी

**बीकानेर ।** राजस्थान से राज्यसभा सांसद निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया को उनके निवास पर जाकर भाजपा नेताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर गंगानगर सह प्रभारी मोहन सुराणा एवं भाजपा देहात जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने डॉ. सतीश पूनिया से उनके निवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर राज्यसभा सांसद निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मोहन सुराणा ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया का संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण राज्यसभा में राजस्थान के हितों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं मनीष सोनी ने कहा कि डॉ. पूनिया का राज्यसभा के लिए निर्वाचित होना भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है तथा उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ प्रदेश एवं देश को मिलेगा।

## जिंदगी प्यार का गीत है 15 जून को

**बीकानेर ।** लायंस कूब में अमन कला केंद्र द्वारा 15 जून को शाम 7 बजे हिंदी सिनेमा पार्श्वगायक मो रफी किशोर कुमार मुकेश की स्मृति में रंगारंग फिल्मी गीतों का कार्यक्रम जिंदगी प्यार का गीत है कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा अमन कला केंद्र के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अच्युत त्रिवेदी डायरेक्टर कृष्ण चंद्र मेमोरियल न्यूरो साइंस सेंटर होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ श्याम अग्रवाल व डॉ प्रवीण चतुर्वेदी करेंगे विशिष्ट अतिथि संजय सांखला संस्कृति कर्मी एम आर मुगल अस्मा नाज डॉ विजय लक्ष्मी व्यास डॉ आशु मलिक सैयद अख्तर अली डॉ दिनेश शर्मा डॉ हिमांशु दाधीच डॉ ज़ैनुल आबेदीन मो सदीक चौहान सचिन भाटिया समुद्र सिंह राठौड़ डॉ

# बस स्टैंड के पास गहरे गड्ढे से हादसे का खतरा

**नोखा ।** कस्बे के माडिया बस स्टैंड के पास एक गहरा गड्ढा आमजन के लिए परेशानी और खतरे का कारण बना हुआ है। बारिश के मौसम में यह गड्ढा पूरी तरह से पानी से भर जाता है। इस स्थिति में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई बार वाहन चालक इसमें फंस चुके हैं और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिव माडिया ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार उपखंड प्रशासन और जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। हालांकि, अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने दोहराया कि बरसात के दौरान पानी भरने से यह गड्ढा रास्ते से गुजरने वालों के लिए बड़ी बाधा बन जाता है।

माडिया ने जानकारी दी कि आगामी 15 जून से मुकाम मेला शुरू होने जा रहा है। इस मेले में प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु और यात्री नोखा से होकर गुजरेंगे। माडिया बस स्टैंड के पास स्थित यह खड्डा श्रद्धालुओं की बढ़ी हुई आवाजाही के बीच किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, जिससे प्रशासन के लिए भी चुनौती खड़ी हो सकती है। शिव माडिया ने जिला कलेक्टर बीकानेर, एसडीएम नोखा और संबंधित विभागीय अधिकारियों से जनहित में मुकाम मेले से पहले इस गड्ढे को तत्काल भरवाकर स्थायी समाधान करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि समय रहते समाधान होने से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा और आमजन तथा श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासन से इस लंबे समय से चली आ रही समस्या का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया है।

# बज्जू उपखंड में आज से लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**बज्जू ।** राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन कर रही है। ये शिविर प्रदेशभर में 12 जून से 15 जुलाई तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लगाए जाएंगे। इन एक दिवसीय शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं का लाभ लोगों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। बज्जू उपखंड में इन शिविरों का संचालन 12 जून से 15 जुलाई तक होगा।

बज्जू एसडीएम सांवरमल रैगर ने बताया कि इस अभियान में राजस्व विभाग सहित कुल 22 विभागों को शामिल किया गया है। शिविरों का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।इन शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान उसी दिन करने का प्रयास किया जाएगा। बीकानेर जिला कलेक्टर इस अभियान की तैयारी, संचालन, निगरानी और समीक्षा करेंगे। इन शिविरों में राजस्व संबंधी कई महत्वपूर्ण कार्य निपटाए जाएंगे। इनमें खातों का शुद्धिकरण, नामांतरण, सीमाज्ञान, भूमि आवंटन, और जाति, मूल निवास एवं हैसियत प्रमाण-पत्र जारी करना शामिल है। ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा और राजीविका से संबंधित मामलों का निस्तारण करेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, कैंसर और एनीमिया की स्क्रीनिंग की जाएगी। पशुपालन विभाग पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा और टीकाकरण सेवाएं प्रदान करेगा। ऊर्जा विभाग बिजली संबंधी शिकायतों का समाधान करेगा, जबकि कृषि विभाग अपनी योजनाओं और फसल बीमा से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राशन कार्ड, ई-केवाईसी और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े मामलों का निस्तारण करेगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पेंशन, पालनहार और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान करेगा। महिला एवं बाल विकास, श्रम, परिवहन, जल संसाधन, शिक्षा, सहकारिता, वन और आयुर्वेद विभागों की सेवाएं भी इन शिविरों में उपलब्ध रहेंगी। राज्य सरकार ने इन शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इनका लाभ उठा सकें। जनप्रतिनिधियों, पंचायत संस्थाओं और स्थानीय प्रशासन की सहभागिता से ग्रामीण समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बज्जू उपखंड की कुल 28 ग्राम पंचायतों में जनकल्याण शिविरों की प्रस्तावित सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए जिला कलक्टर को भेजी गई है, जिसके अनुसार पहला शिविर 12 जून को ग्राम पंचायत बज्जू खालसा में आयोजित होगा।

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो : खींवसर



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बीकानेर में अधिकारियों की बैठक ली ।

**बीकानेर ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 की बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने 210 से अधिक घोषणाओं की घोषणावार फीडबैक लिया और इनके क्रियान्वयन के संबंध में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी ली।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रत्येक घोषणा का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विभागीय अधिकारी इनकी नियमित समीक्षा करें। उन्होंने भूमि आवंटन के मामलों की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों में अविलम्ब भू-आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी अपने उच्च अधिकारियों से नियमित संपर्क रखें और यह सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने शहरी ई-बस सेवा से संबंधित अब तक की प्रगति जानी।

बैठक में बताया गया कि ई-बस डीपो निर्माण से संबंधित कार्य प्रगति पर है तथा जुलाई के अंतिम सप्ताह तक पहले चरण में 75 ई-बसें प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने जिला अस्पताल में नवीन शिशु वार्ड और आईसीयू की स्थापना की समीक्षा की। जिले के ग्रामीण क्षेत्र, विशेष तौर पर सीमांत क्षेत्रों में नए उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। गजेन्द्र सिंह खींवसर ने पवनपुरी नागणेचीजी मंदिर रोड पर बनने वाले आरओबी, शहर के चार स्थानों पर बनने वाले नॉइस मॉनिटरिंग सेंटर, पिंक टायलेट, प्रत्येक विधानसभा में पंद्रह-पंद्रह करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सड़क कार्य सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अटल प्रगति पथ के निर्माण, कपिल सरोवर एवं करणी माता मंदिर के विकास कार्य सहित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन राज्य सरकार की मंशा के अनुसार किया जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इनका लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व सड़कों को दुरूस्त कर लिया जाए। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के कार्यों की जानकारी ली। बैठक में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती शैलजा पांडे, अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) उम्मेद सिंह रतनू और उपखण्ड अधिकारी सुश्री महिमा कसाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बीकानेर में राष्ट्रीय महासंघ की संभाग बैठक



**बीकानेर ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा की बीकानेर के संभागीय पदाधिकारियो की बैठक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेलवेल परिसर बीकानेर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने की। 'बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्यप्रदेश उपाध्यक्ष बीकानेर संभाग ओमप्रकाश विश्नोई तथा प्रदेश पर्यवेक्षक अंकेक्षक देवकीनंदन सुमन मंडल सयुक्त मंत्री श्रीमती रेखा नारंग' का सानिध्य प्राप्त हुआ।बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्योंए जिला पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष एमंत्रीए कोषाध्यक्ष महिला मंत्री एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक में टीईटी से जुड़े विषय पर भी गंभीर चर्चा करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई' ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निणर्य से प्रभावित सेवारत शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार को आवश्यक विधायी पहल करनी चाहिएए ताकि शिक्षकों के भविष्य और सेवा सुरक्षा को लेकर उत्पन्न चिंताओं का निराकरण हो सके। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य' ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ता निर्माण संगठन विस्तारए सदस्यता वृद्धि एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता समर्पण एवं सतत संपर्क पर आधारित होती है। उन्होंने संगठन की रीति-नीति विचारधारा एवं कार्यसंस्कृति को प्रत्येक कार्यकर्ता के व्यवहार एवं कार्यशैली में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश पर्यवेक्षक देवकीनंदन सुमन' ने संगठन की गतिविधियों को प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं के मध्य समन्वय और संवाद को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि ऐसे प्रवास एवं संगठनात्मक बैठकें कार्यकर्ताओं के मध्य आत्मीय संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ संगठन को नई दिशा एवं गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।हनुमानगढ़ जिलामंत्री शैलेंद्र बेदा' ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के हितों की रक्षा एवं उनकी वह समस्याओं के समाधान के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं तथा प्रशासन के साथ सकारात्मक संवाद के माध्यम से निस्तारण करवाने को लेकर प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में बीकानेर संभाग से आए पदाधिकारियों ने शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में बीकानेर कोषाध्यक्ष मोहम्मद रमजान, महिला मंत्री श्रीमती चन्द्रकला भादानी, रेखा नारंग, इन्द्रसेन लिम्बा, हुकमा रामशिवराज ओमप्रकाश एविकास पंवार, रमेश व्यास महेश छीपा हनुमानगढ़ कोषाध्यक्ष रामलाल अनूपगढ़ कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सूरतगढ़ थर्मल प्लांट ने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ा

**सूरतगढ़ ।** यहां सुपर थर्मल पावर स्टेशन के कोल हैंडलिंग प्लांट ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पूरे राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम में अपनी कार्यकुशलता का एक और उदाहरण पेश किया। प्लांट ने लगातार 800 कोल रैक बिना किसी डेमरेज के खाली कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कोल हैंडलिंग प्लांट के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार कड़वासरा ने बताया कि यह उपलब्धि थर्मल की टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पूरे उत्पादन निगम में 8 मई को सूरतगढ़ थर्मल द्वारा 700 कोल रैक बिना डेमरेज के खाली करने का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। अब उसी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 800 कोल रैक का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोयले की समयबद्ध अनलोडिंग से न केवल रेलवे डेमरेज की बचत होती है, बल्कि विद्युत उत्पादन के लिए कोयले की सतत उपलब्धता भी सुनिश्चित होती है। यह उपलब्धि कोल हैंडलिंग प्लांट के अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों की मेहनत, समर्पण और बेहतर समन्वय का परिणाम है। मुख्य अभियंता आर.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मजदूरों की कार्यकुशलता की सराहना की। उन्होंने कोल हैंडलिंग प्लांट की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग को हर संभव सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए नए-नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

### हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार : डॉ.गुप्ता

**बीकानेर ।** घुमंतू जाति उत्थान न्यास बीकानेर महानगर द्वारा संचालित एम डी वी कॉलोनी की साटिया बस्ती के बाल संस्कार केंद्र मे बच्चों के साथ विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । बीकानेर महानगर घुमंतू कार्य संयोजक राजेंद्र सिंह ने कहा विश्व बालश्रम निषेध दिवस प्रेरित करता है कि सभ्य समाज में इसके लिए कोई स्थान न हो, इस सामाजिक अपराध पर अंकुश लगे। घुमंतू बीकानेर महानगर महिला प्रमुख डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम की बढ़ती समस्या के प्रति जनजागरूकता लाना और इससे जुड़े कानूनी व सामाजिक उपायों की समीक्षा करना हैं प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि अभावग्रस्त बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और समानता प्रदान करने के प्रयासों में सहभागी बने।सरकार, समाज और हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि किसी भी बच्चे से मजदूरी न करवाई जाए और यदि कहीं बाल श्रम दिखाई दे तो उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी जाए। घुमंतू बस्ती प्रकल्प प्रमुख सुनील जागा ने कहा हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बच्चा विद्यालय जाए और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर प्राप्त करे।केंद्र संचालिका पूजा हर्ष के साथ सभी ने शपथ ली की बच्चों के हाथों में किताबें हों, औजार नहीं साथ ही बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने को किताबें, स्टेशनरी के समान, चार्ट,खाद्य सामग्री आदि वितरित की गईं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेहा शर्मा, मंजू पारीक, आशा व्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अरजनसर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

**अरजनसर।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से भीषण उमस भरी गर्मी पड़ रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, लेकिन हवा में नमी बढ़ने के कारण लोगों को असहनीय गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कूलर और एयर कंडीशनर भी राहत देने में बेअसर साबित हो रहे हैं। ग्रामीण राजेंद्र औझा ने बताया कि नौतपा के दौरान भी इतनी असहनीय गर्मी महसूस नहीं हुई थी, जितनी पिछले दो दिनों से हो रही है। उन्होंने कहा कि
उ ा ा
के कारण दिनभर बेचैनी बनी रहती है और सामान्य दिनों की तुलना में अधिक प्यास लग रही है। मौसम विभाग के अनुसार, एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित आसपास के जिलों में देखा जा सकता है। इस विक्षोभ के प्रभाव से तेज अंधड़, धूलभरी आंधी, बारिश और तापमान में अचानक बदलाव की संभावना जताई गई है। ज्योतिष और कृषि परंपराओं के अनुसार, 8 जून को सूर्य ने मंगल के मृगशिरा (मिरग) नक्षत्र में प्रवेश किया है। इसे प्री-मानसून गतिविधियों की शुरुआत और वर्षा ऋतु के आगमन का संकेत माना जाता है। सूर्य 8 जून से 21 जून तक मृगशिरा नक्षत्र में रहेंगे, इस अवधि में मौसम में तेजी से बदलाव, आंधी-तूफान और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी रहती है। रतनीसर के ग्रामीण मदन शर्मा ने बताया कि कृषि मान्यताओं में मिरग (मृगशिरा) को खरीफ फसलों की बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। अब किसानों की नजर आगामी दिनों में होने वाली संभावित बारिश और मौसम के रुख पर टिकी हुई है।